POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 05.09.2025

1.थाना फेस-2 पुलिस द्वारा चोरी करने वाला 15000 रुपए का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के माल की बिक्री के शेष 5200 रुपए बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 05.09.2025 को थाना फेस-2 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से चोरी करने वाला 15000 रुपए का इनामिया अभियुक्त अभय प्रताप सिंह पुत्र गोविन्द सिंह को NSEZ मेट्रो स्टेशन के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए माल की बिक्री के शेष 5200 रुपए बरामद किए गए है।

घटनाक्रम का संक्षिप्त विवरण-- अभियुक्त द्वारा वादी की कम्पनी में सिक्योरिटी गार्ड का कार्य कर धीरे-धीरे कम्पनी से कीमती सामान (लेडीज हेंड बैग आदि) की चोरी कर एकत्रित किया जाता था, जिसे बाद में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में सस्ते दामों में बेचकर मुनाफा कमाता था। अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देता था। अभियुक्त के अन्य 02 साथियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है व अभियुक्त अभय प्रताप सिंह उपरोक्त वांछित चल रहा था व 15000 रुपए का इनामिया अभियुक्त था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. अभय प्रताप सिंह पुत्र गोविन्द सिंह निवासी गांव कंसौगा, थाना बढ़पुरा, इटावा वर्तमान पता ग्राम सलारपुर, थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्धनगर, उम्र-21 वर्ष, शिक्षा-12वीं।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0- 148/2025 धारा 306/317(2)/3(5) बीएनएस, थाना फेस-2, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. चोरी किए गए माल की बिक्री के शेष 5200 रुपए।

2.थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 05/09/2025 को थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस द्वारा संकलित सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये वादी मुकदमा निवासी नोएडा के साथ अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथी के साथ मिलकर कंपनी के अकाउंट सेक्शन में इनकम टैक्स रिटर्न/जी०एस०टी० पोर्टल पर कार्य करते हुये लगभग 10 करोड रूपये के फर्जी इनवॉईस बनाकर 1.8 करोड रूपये का

जी०एस०टी० क्लेम कर धोखाधड़ी करने वाले शातिर अपराधी को नोएडा से **गिरफ्तार** किया गया है। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 81/2025 धारा 319(2),318(4),336(3),338,340(2),352,351(2), 351(3),61(2) बीएनएस व 66 सी आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. अभिनव त्यागी पुत्र स्व0 सत्यवीर त्यागी निवासी ग्राम-असालतपुर थाना -ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश हालपता टावर आर 14जी एवन्यू गौर सिटी -2 थाना बिसरख ग्रेटर नोएडा वेस्ट गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. 04 मोबाइल फोन, 08 सिम कार्ड
2. कूटरचित दस्तावेज रेन्ट एग्रीमेन्ट व अन्य जीएसटी दस्तावेज
3. 01 लैपटॉप (एचपी सिल्वर कलर) मय बैग
4. एक कार मारुति सेलेरिओ न0ं डीएल-14सीजी 4954

नोटः- साइबर जागरूकता सुझाव--

1. साइबर से सम्बन्धित किसी समस्या के लिये साइबर क्राइम हेल्पलाईन नम्बर 1930 अथवा साइबर क्राइम की वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज करें।
2. अपनी कंपनी के OTP से सम्बंधित किसी भी पोर्टल का एक्सिस किसी को नही दे।